**Medicines supplied to CGHS and other Hospitals by Drug Companies**

*93. SHRI RAM BHAGAT PASWAN: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the names of drug Companies and firms which are supplying medicines to the C.G.H.S. hospitals all over India and to other Government hospitals in Delhi;

(b) whether Government keep a watch on the quality of medicines supplied to these hospitals; and

(c) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Hundred of firms are involved in the supply of medicines to the Central Government Health Scheme and Government hospitals in Delhi through the Directorate General of Supplies & Disposals and the Medical Stores Organisations of the Ministry of Health and sometimes directly.

(b) and (c) Under the provisions of Drugs and Cosmetics Act, State Drug Controllers are primarily responsible for enforcement of needed quality control arrangements in regard to drugs at the point of manufacture. Besides, supplies of single ingredient non-proprietory drugs received through the Medical Stores Organisations are got tested through the approved Test Houses. In so far as C.G.H.S. is concerned, most of the supplies are received in its Central Stores and these are subject to selective analysis through approved laboratories.

**दिल्ली के झुग्गी-झोंपड़ी क्षेत्रों में वातावरण सुधार**

*94. श्री राम लखन प्रसाद गुप्त : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान अलग-अलग तथा वर्तमान वर्ष के दौरान दिल्ली में झुग्गी-झोंपड़ी में वातावरण सुधार के लिए दिल्ली प्रशासन और दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई तथा उस स्वीकृत राशि में से कितनी-कितनी का उपयोग हो सका ;

(ख) वर्तमान वर्ष के दौरान दिल्ली नगर निगम द्वारा इस संबंध में किस-किस क्षेत्र के विकास के लिये कितनी-कितनी राशि के व्यय-प्राक्कलन भेजे गये हैं तथा उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है जो स्वीकृति से पूर्व क्रियान्वित की गई या की जा रही थी ; और

(ग) जिन योजनाओं को स्वीकृति दिये जाने से पूर्व क्रियान्वित नहीं किया गया है उनके नाम क्या हैं और उसके क्या कारण हैं ?

**संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्मनारायण सिंह)** : (क) दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि उसके द्वारा स्वीकृत की गई राशियां और इन वर्षों में इन स्वीकृतियों की तुलना में झुग्गी-झोंपड़ी पुनर्वास कालोनियों में अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिए इन कालोनियों के पर्यावरणीय सुधार के लिए किये गये व्यय इस प्रकार हैं :—

(लाख रुपयों में)

| वर्ष | स्वीकृत राशि | किया गया व्यय |
|---|---|---|
| 1978–79 | शून्य | शून्य |
| 1979–80 | 348.26 | शून्य |
| 1980–81 | 120.00 | 635.07 |
| 1981–82 (जनवरी, 1982 तक) | 150.00 | 375.43 |

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि वह दिल्ली प्रशासन के एक अभिकरण के रूप में इस योजना का निष्पादन कर रहा है और इसने दिल्ली प्रशासन द्वारा स्वीकृत निधियों का उपयोग कर दिया है।

(ख) कोई नहीं। क्योंकि झुग्गी-झोंपड़ी पुनर्वास कालोनियां मई, 1980 से दिल्ली विकास प्राधिकरण के चार्ज में हैं।

(ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण/दिल्ली प्रशासन का झुग्गी-झोंपड़ी उन्मूलन योजना के अन्तर्गत बनाई गई झुग्गी-झोंपड़ी पुनर्वास कालोनियों में पानी तथा सीवर लाइनों की व्यवस्था तथा सड़कों के सुधार इत्यादि की एक योजना बनाने का प्रस्ताव है। जिसके लिए छठी पंचवर्षीय योजना में निधियों का प्रावधान किया गया है बशर्ते कि सरकार द्वारा इस योजना को स्वीकृति दी जाये।

**संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू मंदिरों के निर्माण/पुनर्निर्माण के लिए धन**

*95. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू मंदिरों का निर्माण या पुनर्निर्माण वहां के कानूनों के विरुद्ध है ;

(ख) 1980 के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू मंदिरों के लिए धन एकत्र करने वाले भारतीयों पर जो मुकदमे चलाये जा रहे हैं उन के संबंध में क्या भारतीय दूतावास कोई सहायता दे रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ?

**विदेश मंत्री (श्री पी वी० नरसिंह राव)** : (क) स्थानीय विनियमों के अनुसार संयुक्त अरब अमीरात में गैर-मुस्लिम पूजा-गृह के निर्माण की अनुमति नहीं है।

(ख) और (ग) जून, 1980 में आबू धाबी की पुलिस ने संयुक्त अरब अमीरात के 9 भारतीयों को पकड़ा था जो भारत में एक मन्दिर की मरम्मत करने के लिए वहां अनधिकृत रूप से धन एकत्र कर रहे थे। राजदूतावास ने उनसे सम्पर्क स्थापित किया और 4 अक्तूबर, 1980 को सभी को छोड़ दिया गया। उन लोगों से 2800 डी०एच० की जो रकम छीन ली गयी थी, वह भी उन्हें लौटा दी गई।

**Shopping Centres in Janakpuri Area, Delhi**

*96. SHRI DHARAMCHAND JAIN: Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state:

(a) the number of convenient shopping centres, constructed by the DDA, in Janakpuri area of Delhi;

(b) whether it is a fact that in some of these centres, shops have been allotted to weaker sections of the community on licence fee basis or on hire-purchase basis; if so, what are the details in this regard;

(c) whether Government are aware that due to the lack of commercial activity in some of these centres, some of the allottees who hailed from weaker sections of the community, have lost their capital; and

(d) if so, what steps Government propose to take to increase commercial activity in these convenient shopping centres to help the affected allottees?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH): (a) 25.

(b) 6 shops and 9 stalls have been allotted on licence fee basis to per-